फतहसागर पर पांच दिवसीय स्वच्छता अभियान संपन्न

महानगर संवाददाता

उदयपुर। रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या के शहर में चले पांच दिवसीय स्वच्छता अभियान का फतहसागर पाल पर पर समापन हुआ। झील स्वच्छता अभियान में नागरिकों, छात्रों, रोटरेक्टर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान का उद्देश्य उदयपुर की झीलों की स्वच्छता हेतु जन जागरुकता फैलाना था। क्लब अध्यक्ष शमील शेख ने बताया अभियान रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 2420 तुर्की के रोटरेक्टर्स की पहल है। इसमें 30 रोटरेक्टर्स एवं झीलप्रेमियों ने भाग लिया। क्लब की ट्रेनर ऐश्वर्यासिंह ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देते हुए कहा स्वच्छता अभियान में युवाओं की भागीदारी सराहनीय रही। कार्य म प्रभारी महेन्द्र रबारी ने बताया अभियान निश्चित रूप से झीलों की स्वच्छता की दिशा में सकारात्मक कदम है। अभियान में दिक्षा सुथार, शैलेंद्र गोयल, हर्षिता राणा, मितांशी पालीवाल, अंजलि डांगी, योगेश सुथार, रक्षा जैन, लविश सोलंकी, कुशाल नलवाया, किशोर गोयल, विद्यार्थियों ने भूमिका निभाई।

रोटरी फ्लैग एक्सचेंज कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर @ अगम्य मीडिया। रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या ने आज रोटरेक्ट क्लब ऑफ नर्मदा नगरी भड़ूच के साथ रोटरी फ्लैग एक्सचेंज किया। रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या के अध्यक्ष रोटरेक्टर शमील शेख और रोटरेक्टर जैमिन व्यास के मध्य रोटरी फ्लैग का एक्सचेंज किया गया। इस अवसर पर रोटरेक्टर जैमिन व्यास ने रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या के नियमानुसार कार्य करने के प्रशंसा की। और भविष्य में रोटरी इंटर स्टेट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या के सदस्यों को रोटरेक्ट क्लब ऑफ नर्मदा नगरी भड़ूच आने का न्यौता दिया। रोटरेक्ट क्लब ऑफ ऐश्वर्या की पूर्व अध्यक्ष ऐश्वर्या सिंह ने बताया की इस रोटरी फ्लैग एक्सचेंज करने का उद्देश्य रोटरी सदस्यों के बीच आपसी मैलजोल, सामाजिक सेवाओं में नए विचार, योजनाओं एवं उपलब्धियों के विषय में चर्चा करना था। दोनों क्लब के सदस्यों ने सामाजिक कार्यो का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया। इस अवसर पर रोटरेक्ट क्लब ऑफ नर्मदा नगरी भड़ूच से रोटरेक्टर प्रियंका व्यास एवं अन्य रोटरेक्ट सदस्य उपस्थित रहे।